# <u>राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर</u>

## <u>प्रेस–नोट</u>

दिनांकः–  **16.05.2025**

### <u>ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र के संबंध में</u>

वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा–2024 के विषय–**गणित** एवं **विज्ञान** के पदों हेतु विचारित सूची दिनांक **12.05.2025** को आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर घोषित की जा चुकी है। विचारित सूची (Provisional List of Candidates for Eligibility Checking) में सफल अभ्यर्थी निम्नांकित दिशा–निर्देशों की पालना करना आवश्यक रूप से सुनिश्चित करेंः–

विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित किए गए सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह अपने **SSO ID** के माध्यम से **Recruitment Portal** पर **My Recruitment → Detailed Form Cum Scrutiny → Apply Now** का चयन कर अपना विस्तृत आवेदन पत्र ऑनलाईन भरें। ऑनलाईन विस्तृत आवेदन–पत्र भरने हेतु आयोग द्वारा **दिनांक 19.05.2025 से दिनांक 25.05.2025 (रात्रि 11:59:59) तक लिंक खोला जाएगा।** इस क्रम में यह भी सूचित किया जाता है कि <u>विस्तृत आवेदन–पत्र एवं दस्तावेजों की जाँच संबंधित विभाग (संस्कृत शिक्षा) द्वारा ही की जाएगी।</u>

अतः ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने व सबमिट करने के उपरांत प्रिन्ट ऑप्शन पर जाकर सम्पूर्ण विस्तृत आवेदन पत्र को 02 प्रतियों में प्रिन्ट कर अपने पास संभाल कर रखें एवं संबंधित विभाग **(संस्कृत शिक्षा विभाग)** की सूचना के अनुसार निर्धारित दिनांक, समय व स्थान पर विस्तृत आवेदन–पत्र (दो प्रतियों में) मय समस्त मूल दस्तावेजों व स्वयं सत्यापित प्रतियों सहित उपस्थित होवें। इस हेतु संबंधित विभाग द्वारा ही उचित माध्यम से अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचित कराने की कार्यवाही सम्पादित की जाएगी एवं राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा अलग से कोई सूचना अभ्यर्थियों को प्रेषित नहीं की जाएगी। विभाग द्वारा दस्तावेज सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थी को अपात्र मानते हुए परिणाम में विचारित नहीं किया जाएगा।

**अभ्यर्थियों की पात्रता की जाँच विज्ञापन की शर्तों/नियमों के अनुसार की जावेगी। पात्रता की समस्त शर्तें नियमानुसार पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता रद्द कर दी जाएगी।**

संबंधित विभाग **(संस्कृत शिक्षा विभाग, जयपुर)** से दस्तावेज जाँच/सत्यापन उपरांत, पात्र अभ्यर्थियों की सूची विभाग द्वारा आयोग को भेजी जाएगी, जिसके उपरांत आयोग द्वारा परिणाम जारी कर चयनित अभ्यर्थियों के नाम नियुक्ति हेतु संबंधित विभाग को अभिस्तावित किए जाएंगे।

(रामनिवास मेहता)
सचिव